# महासागरीय जल

**1. महासागरीय अधस्तल के संबंध में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए:-**
**1.महाद्वीपीय शेल्फ, प्रत्येक महाद्वीप का विस्तृत सीमांत होता है, जो अपेक्षाकृत उथले तथा खाड़ियों से घिरा होता है।**
**2.महासागरों के अंदर जीवाश्म ईंधन के स्त्रोत महाद्वीपीय शेल्फों पर ही पाए जाते हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**2. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | **महासागरीय बेसिनों के मंद ढाल वाले क्षेत्र** | **गंभीर सागरीय मैदान** |
| **2.** | **महाद्वीपीय ढाल के आधार तथा द्वीपीय चापों के पास स्थित क्षेत्र** | **निमग्न द्वीप** |
| **3.** | **समुद्री तल से ऊपर की ओर उठता हुआ नुकीले शिखरों वाला पर्वत** | **मध्य-महासागरीय कटक** |

**कूट:**
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**3. निम्नलिखित में से कौन-से कारक मुख्यत: महासागरीय जल के तापमान के वितरण को प्रभावित करते हैं?**
**1.अक्षांश**
**2.स्थल एवं जल का असमान वितरण**
**3.ज्वार एवं भाटा**
**4.महासागरीय धाराएँ**
**कूट:**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 4

**4. महासागर के अंतर्गत वह सीमा क्षेत्र जहाँ तापमान में तीव्र गिरावट आती है, उसे कहा जाता है-**
(a) धर्मोक्लाइन (ताप प्रवणता)
(b) महासागरीय ड्रिफ्ट
(c) हैलोक्लाइन
(d) महाद्वीपीय शेल्फ

**5. महासागर जल की लवणता में सर्वाधिक मात्रा में पाया जाता है-**
(a) सोडियम
(b) क्लोरीन
(c) सल्फेट
(d) मैग्नीशियम

**6. निम्नलिखित में से कौन-से कारक मुख्यत: महासागरीय जल की लवणता को प्रभावित करते हैं?**
**1.वाष्पीकरण एवं वर्षण**
**2. नदियाँ**
**3.मैंग्रोव वनस्पतियाँ**
**4.महासागरीय धाराएँ**
**कूट:**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 4
(d) इनमें से कोई नहीं

**7. विश्व में सर्वाधिक लवणता पाई जाती है-**
(a) मृत सागर में
(b) वॉन झील में
(c) सांभर झील में
(d) ग्रेट सॉल्ट लेक में

**8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:-**
**1.महासागरीय जल में गतिशीलता केवल बाह्य बल के प्रभाव से उत्पन्न होती है।**
**2.महासागरीय जल में क्षैतिज व ऊर्वाधर दोनों प्रकार की गतियाँ होती हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**9. महाद्वीपीय शेल्फ के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है?**
(a) प्लेट सीमाओं के निकट शेल्फ विद्यमान नहीं होती।
(b) वे अत्यधिक अवसादी (सेडिमेंटेड) होती हैं।
(c) महाद्वीपीय ढालों की ओर उनमें सहसा पतन होता है।
(d) वे समृद्ध मत्स्य क्षेत्र होते हैं।

**10. समुद्री लवणता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. महासागर की लवणता वाष्पीकरण और वर्षण पर निर्भर करती है।**
**2.तापमान या घनत्व में कोई परिवर्तन लवणता को प्रभावित करता है।**
**3. समुद्री लवणता का मुख्य स्त्रोत नदियों द्वारा स्थलीय विसर्जन है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**11. महासागर जल पर सर्वाधिक व्यापक अकार्बनिक पलैजिक निक्षिप्त, निम्नलिखित में से कौन-सा है?**
(a) लाल सिंधुपक
(b) रेडियोलेरीय निपंक
(c) ज्वालामुखी धूलि
(d) कैल्सियमी सिंधुपंक

**12. निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता महाद्वीपीय शेल्फों की नहीं है?**
(a) उत्पादक मत्स्यग्रहण धरातलों वाले स्थल
(b) तेल और गैस रिज़र्व
(c) अंत: समुद्री खड्डे (कैनियन) वाले स्थल
(d) रेत और बजरी के विशाल संग्रह

**13. 'ला-नीना' 'एल-नीनो' से कैसे भिन्न है?**
**1. ला-नीना विषुवतीय हिंद महासागर में समुद्र के असाधारण रूप से ठंडे तापमान से चरित्रित होता है जबकि एल-नीनो विषुवतीय प्रशांत महासागर में समुद्र के असाधारण रूप से गर्म तापमान से चरित्रित होता है।**
**2.एल-नीनो का भारत के दक्षिणी-पश्चिमी मानसून पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, किंतु ला-नीना का मानसूनी जलवायु पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**14. विषुवतीय प्रतिधाराओं (इक्वेटोरियल काउंटर-करेंट) के पूर्वाभिमुख प्रवाह की व्याख्या किससे होती है?**
(a) पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूर्णन
(b) दो विषुवतीय धाराओं का अभिसरण (कन्वर्जेंस)
(c) जल की लवणता में अंतर
(d) विषुवत-वृत्त के पास प्रशांत मंडल मेखला (बेल्ट ऑफ काम) का होना

**15. संसार के सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण मत्स्यन क्षेत्र उन क्षेत्रों में पाए जाते हैं, जहाँ-**
(a) कोष्ण तथा शीत वायुमंडलीय धाराएँ मिलती हैं।
(b) नदियाँ सागरों में प्रचुर मात्रा में ताज़ा जल प्रवाहित करती हैं।
(c) कोष्ण तथा शीत सागरीय धाराएँ मिलती है।
(d) महाद्वीपीय शेल्फ तरंगित हैं।

**16. महासागरीय धाराओं की उत्पत्ति के संदर्भ में निम्नलिखित कारको पर विचार कीजिए-**
**1. वायुदाब एवं हवाएँ**
**2.तट की दिशा तथा आकार**
**3.उच्चावच**
**4.पृथ्वी का घूर्णन**
**उपर्युक्त कारको में से कौन-सा धाराओं की उत्पत्ति में सहायक है?**
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

**17. अटलांटिक महासागर में सारगैसों सागर के जल में सर्वाधिक लवणता पाई जाती है। इस अत्यधिक लवणता के कारण हैं-**
**1.उच्च तापमान**



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**2.अत्यधिक वाष्पीकरण**
**3. सारगैसो सागर के जल का शेष जल से मिश्रित न होना।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 2

**18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. सागरीय लवणता का मुख्य स्त्रोत पृथ्वी है।**
**2.वाष्पीकरण तथा लवणता में प्रत्यक्ष संबंध होता है।**
**3.उच्च वायुमंडलीय वायुदाब तथा प्रतिचक्रवात दशाओं के कारण सागरीय लवणता घट जाती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**19. महासागरीय लवणता को प्रभावित करने वाले निम्नलिखित कारकों पर विचार कीजिए-**
**1. बर्फ का बनना**
**2.बर्फ का पिघलना**
**3.वर्षा**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**20. निम्नलिखित में से कौन-से महाद्वीपीय शेल्फ की उत्पत्ति के कारण हो सकते हैं?**
**1.सागरीय अपरदन और जलीय निक्षेप।**
**2.दीर्घकालिक स्थलीय निक्षेप।**
**3.महाद्वीपीय सीमांत का अवतलन।**
**4.भूमि के झुकाव के कारण महाद्वीपीय सीमांत का निमग्न होना।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**21. जलमंडल के गठन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सत्य है?**
**1. वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की कमी ने संघनन से वर्षा में वृद्धि की।**
**2.ऑक्सीजन शुरू में स्थलीय क्षेत्र से विकसित हुई और अंत में महासागरों को संतृप्त किया।**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**22. सारगैसो सागर के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही नहीं है?**
(a) महासागरीय धाराओं का प्रतिचक्रवातीय परिचालन इसकी विशेषता है।
(b) अटलांटिक महासागर में इसकी सर्वाधिक लवणता पाई गई है।
(c) यह गल्फ स्ट्रीम के पश्चिम और कनारी धारा के पूर्व में स्थित है।
(d) यह शांत एवं गतिहीन जल की वृत्ताकार गति में सीमित है।



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213